# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2021 - 2022

## Second Language - HINDI

**Part - A & B**

**Class : VIII** **(Max. Marks : 80)** **Time : 2.45 Mnts.**

**सूचनाएँ :-** 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।

3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

---

**Marks : 60 ]** **PART - A** **[ Time : 2.00 Hrs.**

**I. पढो:**

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

दिल्ली के आधुनिक भवनों में राष्ट्रपति भवन तथा संसद भवन उल्लेखनीय हैं। यहाँ का इंडिया गेट, अक्षरधाम मंदिर, लोटस टेंपुल, संग्रहालय तथा चिड़ियाघर भी देखने योग्य हैं। यहाँ पर हमने बापू की समाधि राजघाट भी देखा।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

1. आधुनिक भवनों में उल्लेखनीय क्या-क्या हैं?
2. दिल्ली में कौन-कौन से स्थान देखने योग्य हैं?
3. राजघाट किनकी समाधि हैं?
4. भारत की राजधानी क्या है?
5. यह अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है?

[ Turn Over

2. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्टक में लिखिए ।**

एक कुत्ता था। वह वड़ा लालची था। उसे एक दिन एक रोटी का एक टुकडा मिला। वह उसे मुँह में लेकर पुल पर जा रहा था। नदी का पानी साफ था। कुत्ते ने पानी में अपनी परछाई देखी। दूसरा टुकड़ा समझकर उसे पाना चाहता था। मुँह खोलते ही रोटी का टुकड़ा पानी में गिर गया। कुत्ते को अपनी गलती मालूम हुई और वहुत पछताया।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. कुत्ता कैसा था? [ ]
   A) लालची B) अच्छा C) बुरा D) साहसी
2. कुत्ते को क्या मिला? [ ]
   A) लड्डू B) हड्डी C) खाना D) रोटी का टुकड़ा
3. नदी का पानी कैसा था? [ ]
   A) गंदा B) साफ़ C) काला D) मैला
4. रोटी का टुकड़ा कहाँ गिर गया? [ ]
   A) जमीन पर B) आसमान में C) पानी में D) नाली में
5. 'बहुत' शब्द का विलोम शब्द क्या है? [ ]
   A) कम B) ज्यादा C) अधिक D) बड़ा

3. **निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

अगर न होता चाँद रात में
हमको दिशा दिखाता कौन?
अगर न होता सूरज, दिन को
सोने-सा चमकाता कौन?

अगर न होती निर्मल नदियाँ
जग की प्यास बुझाता कौन?
अगर न होते पर्वत, मीठे
झरने भला बहाता कौन?

[ Contd... 3rd

5 x 1 = 5

**प्रश्न :-**

1. रात में हमें दिशा कौन दिखाता हैं?
2. दिन को कौन सोने जैसा चमकाता है?
3. जग की प्यास कौन बुझाता है?
4. मीठे झरने कौन बहाता है?
5. यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है?

**4. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्ठक में लिखिए।**

नाच नाचता आता मोर,
नाना रंग दिखाता मोर।
बच्चों को बहलाता मोर।
बाग बाग उड़ जाता मोर।

**प्रश्न :-** 5 x 1 = 5

1. नाच नाचता कौन आता है? [ ]
   A) मोर B) तोता C) मैना D) कौआ
2. मोर क्या दिखाता है? [ ]
   A) काला रंग B) सफेद रंग C) पीला रंग D) नाना रंग
3. मोर किसका मन बहलाता है? [ ]
   A) पिता का B) बच्चों का C) भाई का D) बहन का
4. मोर कहाँ उड़ता है? [ ]
   A) बाग-बाग B) गाँव-गाँव C) शहर-शहर D) नगर-नगर
5. "आता" शब्द का विलोम शब्द क्या है? [ ]
   A) गाता B) जाता C) खाता D) बोलना

**II. लिखो :**

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** 6 x 3 = 18

5. वालस्वरूप राही के वारे में आप क्या जानते हैं?
6. कोई भी काम विश्वास के साथ क्यों करना चाहिए?
7. सूरज के बारे में दो वाक्य लिखिए।

[ Turn Over

8. राजा का स्वभाव कैसा था? अपने शब्दों में लिखिए?

9. अपने गाँव के बारे में लिखिए।

10. पेड़ों से हमें क्या लाभ हैं?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** 1 x 6 = 6

11. "हम होंगे कामयाव" कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए?

12. 'कौन' कविता के द्वारा बालस्वरूप राही क्या संदेश देना चाहते हैं?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** 1 x 6 = 6

13. कुछ घरेलू उद्योगों के नाम बताओ । किन्हीं दो घरेलु उद्योगो के बारे में लिखिए?

14. 'राजा बदल गया' - कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1 x 5 = 5

15. विहार यात्रा जाने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

16. पुस्तकें खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

**VI. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1 x 5 = 5

17. अपने मन पसंद खेल का वर्णन कीजिए।

18. हिंदी दिवस के महत्व पर निबंध लिखिए।

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2021 - 2022

## Second Language - HINDI

### PART - B

Class : VIII ] (Max . Marks : 20) [ Time : 30 Mnts.

| शैक्षिक मापदंड | पढ़ो | लिखो | सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

Name of the student : .................................................................. Roll No : ............

सूचनाएँ :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।

2) भाग 'B' के लिए समय आधा (½) घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।

2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।

3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

---

**निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।** **20 x 1 = 20**

1. राजेश जंगल में जा रहा था । ( रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।) [ ]

   A) वन B) भूमि

   C) पृथ्वी D) आकाश

2. सब मिलकर सवेरे रेल से निकले। ( रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।) [ ]

   A) शाम B) सुबह

   C) रात D) सायंकाल

[ Turn Over

3. राजा शूरसिंह पडोसी <u>देश</u> पर आक्रमण करता था। [ ]

( रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)

A) गाँव B) शहर

C) स्वदेश D) परदेश

4. दिल्ली दुनिया के <u>प्रसिद्ध</u> नगरों में से एक है । [ ]

( रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)

A) सिद्ध B) असिद्ध

C) नाप्रसिध्द D) अप्रसिध्द

5. निम्न लिखित शव्दों में से सही वर्तनीं पहचानिए। [ ]

A) विशवास B) विश्वास

C) विसवास D) विश्वासा

6. निम्न लिखित शव्दों में से सही वर्तनी वाला शव्द पहचानिए। [ ]

A) सिड़ियाँ B) सीड़ाया

C) सीड़ियाँ D) सीढ़ीयाँ

7. निम्न लिखित शव्दों में से वेमेल शव्द पहचानिए । [ ]

A) चाँद B) सूरज

C) तारा D) पेड़

8. निम्न लिखित शव्दों में से वेमेल शव्द पहचानिए । [ ]

A) वादल B) पशु

C) नभ D) इंद्रधनुप

9. "वत्तीस" अंको में पहचानिए। [ ]

A) 22 B) 12

C) 32 D) 02

10. '30' को अक्षरों में पहचानिए । [ ]

A) तीस
B) दस
C) वीस
D) चालीस

11. दादा बाजार से सामान लाते हैं। ( रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए)[ ]

A) दादी
B) दादि
C) दीदी
D) दाड़ी

12. कपड़ा बुनने वाले को जुलाहा कहते हैं।
( रेखांकित शब्द का बहुवचन रुपी शब्द पहचानिए।) [ ]

A) कपड़ो
B) कपड़े
C) कपड़
D) कपड़ा

13. रमेश पाठशाला जा रहा है।(यह वाक्य किस काल में है पहचानिए।) [ ]

A) भूत काल
B) वर्तमान काल
C) भविष्य काल
D) संदिग्ध भूतकाल

14. गनी और रमेश आठवीं कक्षा .... पढ़ते हैं?
( रिक्त स्थान की पूर्ति सही कारक चिह्न से कीजिए।) [ ]

A) में
B) से
C) के
D) का

15. सूरज दिन में चमकता है। (संज्ञा शब्द पहचानिए।) [ ]

A) में
B) है
C) सूरज
D) चमकता

16. हम परसों सकुशल दिल्ली पहुँच गये। (सर्वनाम शब्द पहचानिए।) [ ]

A) दिल्ली
B) सकुशल
C) हम
D) परसों

17. दिल्ली बड़ा शहर है। (**विशेषण शब्द पहचानिए।**) [ ]

A) दिल्ली
B) शहर
C) गाँव
D) बड़ा

18. सुनार हार बनाता है। (**क्रिया शब्द पहचानिए।**) [ ]

A) बनाता
B) सुनार
C) हार
D) है

19. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए। [ ]

A) राजेश राजा के पास गया।
B) राजा के पास गया राजेश।
C) के पास राजा राजेश गया।
D) गया राजा के राजेश पास।

20. शुद्ध वाक्य पहचानिए। [ ]

A) मैं राजा है ।
B) मैं राजा हूँ ।
C) मैं राजा हो ।
D) मैं राजा हैं ।

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com